Edit with WPS Office

पाठ - 10

मेल की शक्ति

विधा - कहानी

शब्दार्थ - कॉपी कार्य

परस्पर - आपस में

गट्ठर - बहुत - सी लकडिय़ों का एक जगह बँधा होना

पुरस्कार - ईनाम

सरलता - आसानी

साहस - हिम्मत

झगड़ना - लड़ना

सोचो और बताओ- कॉपी कार्य

(क) गंगाशरण के कितने लड़के थे?

उत्तर - गंगाशरण के पाँच लड़के थे।

(ख)गट्ठर तोड़ने के लिए पहले किसे दिया गया?

उत्तर - गटठर तोड़ने के लिए सबसे पहले छोटे भाई श्याम को दिया गया।

(ग) गंगाशरण ने किसे पास बुलाया?

उत्तर - गंगाशरण ने पहले छोटे बेटे श्याम को पास बुलाया।

(घ) मेल से कौन रहने लगे?

उत्तर - गंगाशरण के पाँचों बेटे मेल से रहने लगे।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो- कॉपी कार्य

(क) गंगाशरण किससे बहुत परेशान था?

उत्तर - गंगाशरण अपने लड़को के आपस में झगड़ने से परेशान था।

(ख) गंगाशरण ने लड़कों को क्या समझाया?

उत्तर - गंगाशरण ने लड़कों को समझाया कि यदि तुम लोग आपस में मेल से रहोगे तो कोई भी तुमसे शत्रुता करने की हिम्मत नहीं करेगा।

(ग) जब सभी लडक़े गटठर न तोड़ सके तो गंगाशरण ने क्या किया?

Edit with WPS Office

उत्तर- जब सभी लड़के गटठर नहीं तोड़ सकें तो गंगाशरण ने गटठर खोलकर एक - एक टहनी सभी लड़को को दे दी और तोड़ने को कहा - सभी ने टहनियों को आसानी से तोड़ दिया।

(घ) हमे किस प्रकार रहना चाहिए?

उत्तर - हमें आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए।